आकाशवाणी श्री विजयपुरम

09.10.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया।

- दक्षिण अंडमान जिले की जिला योजना समिति की तीन दिवसीय बैठक का आज समापन हुआ।

- अंडर–17 लड़के और लड़कियों का अंतर विद्यालय कबड्डी नॉक आउट टूर्नामेंट का फाइनल मैंच कल खेला जाएगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार हैं और लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन उनके संबंधों की नीव है। मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति के प्रति संकल्पबद्ध हैं। भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते के बारे में श्री मोदी ने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा जिससे उद्योग और ग्राहक दोनों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग सुनिश्चित करने में भारत–ब्रिटेन संयुक्त सैन्य अभ्यास–कोंकण 2025 महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालयों के परिसर जल्द खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि भारत और ब्रिटेन भविष्य पर केन्द्रित आधुनिक साझेदारी का निर्माण कर रहे हैं। भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए श्री स्टारमर ने कहा कि शुल्क कम होने से एक–दूसरे के बाजारों तक पहुंच बढ़ाने से दोनों देशों में विकास बढ़ेगा, जीवन बेहतर होगा और रोजगार उपलबध होंगे। 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण और प्रयासों के लिए श्री मोदी को शुभकामनाएं देते हुए श्री स्टारमर ने कहा कि भारत अपने मिशन को साकार करने के लिए सही राह पर है और ब्रिटेन भी उसकी इस यात्रा में भागीदार बनना चाहेगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

<><><><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। साठ दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू के सेवन से बचने, इसे छोड़ने की इच्छा रखने वालों का समर्थन करने और स्कूलों व उच्च शिक्षण संस्थानों में स्वास्थ्य तथा कल्याण की एक मज़बूत संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाना है। इस अवसर पर सुश्री पटेल ने कहा कि देश के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा तंबाकू की लत से परेशान है। उन्होंने देश को तंबाकू मुक्त बनाने और युवाओं को तंबाकू से बचाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान अनुप्रिया पटेल ने छात्रों को 'तंबाकू को ना कहें' की शपथ भी दिलाई।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की जिला योजना समिति की तीन दिवसीय बैठक का आज समापन हो गया। समापन समारोह दक्षिण अंडमान जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में जिला योजना समिति के अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बैठक में तीन वर्षीय कार्य योजना और अनुपूरक कार्य योजना पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजहरुद्दीन जहीरुद्दीन काजी, सांसद, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, पंचायती राज संस्थाओं के सचिवों, जिला योजना समिति के सभी सदस्यों और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य, लोक निर्माण

विभाग, विद्युत, जिला प्रशासन, कृषि, ग्रामीण विकास, जहाजरानी, पत्तन प्रबंधन बोर्ड और उद्योग जैसे विभागों की तीन वर्षीय कार्य योजना और अनुपूरक कार्य योजना के मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय, पंचवटी में कक्षा नवीं और ग्यारहवीं में नए सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि इक्कीस अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। परीक्षा अगले वर्ष सात फरवरी को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी की ओर से अंडर–17 लड़के और लड़कियों के लिए अंतर विद्यालय कबड्डी नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। भातुबस्ती स्कूल मैदान में आज सेमीफाइनल मैंच खेले गए। लड़कों के मैंच में स्कूल लाइन स्कूल की टीम ने कामराज स्कूल को पराजित किया, वहीं प्रातरापुर स्कूल की टीम ने भातुबस्ती स्कूल की टीम को मात दी। लड़कियों के सेमीफाइनल मैच में गर्ल्स स्कूल की टीम ने मॉडल स्कूल को और विवेकानन्द केद्र विद्यालय नगरपलिका स्कूल ने भातुबस्ती स्कूल की टीम को पराजित किया। फाइल मैंच कल सुबह नौ बजे से भातुबस्ती स्कूल मैदान में खेले जाएंगे।

<><><><><><><>

शिक्षा और खेल निदेशालय की ओर से नॉर्थ बे रोड मैराथन 4.0 का आयोजन किया जाएगा। मैराथन विम्बर्लिगंज के उप शिक्षा अधिकारी की ओर से ग्यारह अक्टूबर को शाम तीन बजे आरंभ होगा। पुरूषों के लिए दस किलोमीटर और महिलाओं के लिए पांच किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। चुनाभट्टा से नॉर्थ बे तक की सड़क पर यह दौड़ आयोजित होगी। इच्छुक खिलाड़ी कार्यक्रम स्थल पर दोपहर दो बजे से अपना पंजीकरण करा सकते है।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज में बिजली के खंभों को स्थानांतरित किए जाने के कारण कुछ क्षेत्रों में कल सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इस बीच बिजली से संबंधित कार्य किए जाने के कारण शनिवार को सुबह सात बजे से शाम तीन बजे तक कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

<><><><><><><>